अतारांकित प्रश्न 1552 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नर्मदा सागर और सरदार सरोवर परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले मंदिरों, मूर्तियों और पुरातत्वीय महत्व के प्राचीन भवनों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस सर्वेक्षण से प्राप्त अंतिम परिणामों के अनुसार इस क्षेत्र की पुरातत्वीय महत्व की अद्धितीय सम्पदाओं के नाम क्या-क्या हैं और सरकार द्वारा उनके संरक्षण के लिये क्या प्रबन्ध किये जा रहे है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों मे राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

माध्यमिक विद्यालय शिक्षा के व्यावसायीकरण के संबंध में योजना

1548. **श्री अजीत जोगी:**
कुमारी सुशीला तिरिया:

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शिक्षा के व्यावसायीकरण के संबंध में गठित कुंवदयी आयोग की सिफारिशों के अनुसार, माध्यमिक विद्यालय शिक्षा की व्यावसायीकरण संबंधी योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है, यदि हां, तो क्या इस योजना को क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकारों को भेज दिया गया है; और

(ख) इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों मे राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही): (क) और (ख) जी, हा। योजना राज्यों को फरवरी 1988 में परिचालित की गयी थी। 1929 स्कूलों में 5823 व्यावसायिक पाठयक्रमों को आरम्भ करने के प्रस्ताव अनुमोदित किये गये है और योजना को कार्यान्वित करने के लिए 22 राज्यों / संघ शासित प्रदेशों को अब तक 59.09 करोड़ रुपये की राशि की केन्द्रीय सहायता मंजूर की गयी है।

Charges against the Principals of Kendriya Vidyalayas, Sarni and Chanda

1549. SHRI ASHOK NATH VERMA:
SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that charges of administrative, financial and behavioural malpractices have been levelled against the Principals of Kendriya Vidyalayas of Sarni and Chanda;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether the same have been investigated; and

(d) if so, what action has been taken against them?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) and (b) Complaints against the Principal, Kendriya Vidyalaya of Chanda have been received alleging irregularities in admission and financial matter. Complaints have also been received against the Principal, Kendriya Vidyalaya, Sarni alleging mal-administration.

(c) and (d) The Assistant Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, Bhopal has been asked to look into these allegations. Further course of action will be decided on receipt of the report of the Assistant Commissioner